शासकीय महाविद्यालय पाटन ,जिला – दुर्ग (छ0ग0)

मॉडल परीक्षा 2020–21

कक्षा का नाम – बी.ए. भाग एक

विषय – हिन्दी साहित्य, प्रश्न पत्र – प्रथम

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 75

नोट :– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों में अंक समान है।

प्रश्न 1 कबीर की साखियों में किन्हीं चार साखियों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

'तन चितकर मन राजा कीन्हा
हिय सिंघल बुधि पद्मिनी चीन्हा
गुरू सुआ जेहि पंथ दिखावा
बिन गुरू जगत को निर्गुण पावा
नागमती यह दुनिया धंधा''

उपर्युक्त पद्यांश की व्याख्या कीजिये ।

प्रश्न 2. सूरदास का जो पद आपको सर्वाधिक प्रिय है उसकी व्याख्या भ्रमरगीत के संदर्भ में कीजिये।

प्रश्न 3. 'अति सधो सनेह को मारग है ' इस पद में घनानंद ने प्रेम की परिभाषा किस प्रकार की है ?

प्रश्न 4. कबीर एक कवि नहीं अपितु समाज सुधारक हैं।

अथवा

जायसी ने पद्मावत मे लौकिकता के माध्यम से अलौकिकता को दर्शाया है।
इस कथन पर प्रकाश डालिये।

अथवा

तुलसी अथवा सूरदास के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डालिये ?

प्रश्न 5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिये । (कोई 15)

1. 'बीजक' किसका ग्रंथ हैं ?
2. 'सबद' का क्या हैं ?
3. नागमती किस रचना का पात्र है?
4. रामचरित मानस के रचयिता का नाम लिखो ?
5. वात्सल्य रस के सम्राट कौन हैं ?
6. घनानंद किस काल के कवि थे ?
7. हिन्दी साहित्य का स्वर्ण युग किस काल को कहते हैं ?
8. मीराबाई और रसखान किसके भक्त थें ?
9. संतकाव्य परंपरा किस धारा को कहते है?
10. भ्रमरगीत किसकी रचना है ?
11. श्रृंगार काल या कला काल किस युग को कहते हैं ?
12. कबीर की भाषा क्या थीं ?
13. 'सुजान' शब्द किस कवि के काव्य में आता हैं ?
14. 'साखी' का अर्थ क्या है ?
15. रामचरित मानस किस भाषा में लिखा गया हैं ?
16. बृजभाषा में लिखने वाले एक कवि का नाम लिखिये ?
17. कवित्त कौन सा छंद हैं ?

000

शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)
अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2020–21
कक्षा – बी.ए. भाग – एक

विषय– हिन्दी साहित्य (प्रश्न पत्र–II) **पूर्णांक 75**

नोट – सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – **24 अंक**

(क) वह लालसा जो सात वर्ष हुए उसके हृदय में अंकुरित हुई थी, जो इस समय पुष्प और पल्लव से लदी खड़ी थी, उस पर वज्रपात हो गया । वह हरा–भरा लहलहाता हुआ पौधा जल गया, केवल उसकी राख रह गयी ।

अथवा

गहनों का मरज न जाने इस दरिद्र देश में कैसे फैल गया । जिन लोगों का भोजन का ठिकाना नहीं, वे भी गहनों के पीछे प्राण देते हैं । हर साल अरबों रूपये केवल सोना चांदी खरीदने में व्यय हो जाते है । संसार के और किसी देश में इन धातुओं की इतनी खपत नहीं । तो बात क्या है, उन्नत देशों में धन व्यापार में लगता है, जिससे लोगो की परवरिश होती है और धन बढ़ता है ।

(ख) "बुद्ध गुप्त । मेरे लिए सब भूमि मिट्टि‍टी है । सब जल तरल, सब पवन शीतल है । कोई विशेष आकांक्षा हृदय में अग्नि के समान प्रज्जवलित नहीं । सब मिलाकर मेंरे लिए एक शुन्य है । प्रिय नाविक । तुम स्वदेश लौट जाओ, वैभवों का सुख–भोगने के लिए और मुझे छोड़ दो इन निरीह भोले–भाले प्राणियों के दुःखों में सहानुभूति और सेवा के लिए ।

अथवा

जिस समाज में रात–दिन मेहनत करने वालों की हालत उनकी हालत से कुछ बहुत अच्छी न थी और किसानों के मुकाबले में वे लोग जो किसानों की दुर्बलताओं से लाभ उठाना जानते थे, कहीं ज्यादा सम्पन्न थे, वहॉ इस तरह की मनोवृति का पैदा हो जाना कोई अचरज की बात न थी । हम तो कहेंगें घीसू किसानों से कही ज्यादा विचारवान था ।

(ग) बिलकुल बेवस और लाचारी में दोनों हाथ उठा खुदा से खान के लिए दुआ मांग पीरबक्श कसम खाई, एक पैसा भी घर में नहीं, बर्तन भी नहीं, कपड़ा भी नहीं, खान चाहे तो बेशक उसकी खाल उतारकर बेच ले ।

अथवा

"बबुआ जी। अब नहीं । कान पकड़ता हूँ, अब नहीं । मोहर छाप वाली धोती लेकर क्या करूंगा ? कौन पहेगा ? ससुरी, बेटे–बेटियों को ले गई अपने साथ । बबुआ जी, मेरी घरवाली जिंदा रहती तो मैं ऐसी दुर्दशा भोगता ? यह शीतल पाटी उसी की बुनी हुई है ।

प्रश्न 2. प्रेमचंद के उपन्यास 'गबन' का सारांश लिखिए । **13 अंक**

अथवा

गबन उपन्यास के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।

प्रश्न 3. आकाशदीप कहानी का सारांश लिखिए । **13 अंक**

अथवा

मलबे का मालिक कहानी का सारांश लिखिए ।

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नो में से किन्ही तीन का संक्षिप्त में उत्तर लिखिए । 15 अंक

1. प्रेमचंद की कहानी की विशेषता ।
2. उपन्यास और कहानी में अंतर ।
3. रेणु जी की कहानी में अंतर ।
4. शिवानी का कहानी संसार ।
5. उपन्यास के तत्व ।
6. प्रसाद जी की कहानी कला ।

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नो में से किन्ही दस का अतिसंक्षिप्त में उत्तर लिखिए । 10 अंक

1. हिन्दी की पहली कहानी का नाम ।
2. 'मलबे का मालिक' लेखक का नाम ।
3. गबन उपन्यास का प्रमुख पात्र का नाम ।
4. गबन उपन्यास का लेखक का नाम ।
5. 'चम्पा' किस कहानी का पात्र है ?
6. घीसू किस कहानी का पाल है ।
7. 'पर्दा' कहानी के कहानीकार का नाम ।
8. कहानी में कितने तत्व होते है ?
9. सिचन किस कहानी का पात्र है ?
10. 'आकाशदीप' कहानी के कहानीकार का नाम ।
11. शिवानी के एक उपन्यास का नाम ।
12. हिन्दी के प्रथम उपन्यास का नाम ।
13. रेणु जी के कहानी का नाम ।
14. आपके पाठ्यक्रम में कितनी कहानियाँ हैं ?
15. 'गदल' कहानी के कहानीकार का नाम ।